(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि मैसर्स जी० एस० इन्टरप्राइजेज को समय-समय पर नये गैस कनेक्शन जारी करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता रहा है क्योंकि इस वितरक को अन्य वितरकों की अपेक्षा गैस के कहीं अधिक रिफिल दिये जाते हैं; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) और (ख) जी, नहीं। परिसमाप्त मैसर्स प्रेस्टीज गैस एजेंसी के पास पंजीकृत तथा मैसर्स जी० एस० इन्टरप्राइजेज के व्यापारिक क्षेत्र में रहने वाले उपभोक्ताओं को उसके पास स्थानान्तरित कर दिया गया है।

(ग) और (घ) नये कनेक्शन मैसर्स जी० एस० इन्टरप्राइजेज सहित उन वितरकों के माध्यम से चरणबद्ध रूप में जारी किए जा रहे हैं, जो अधिकतम सीमा से कम पर काम कर रहे हैं, बशर्ते कि उनके पास उत्पाद, उपकरण और सुविधाएं उपलब्ध हों।

मैसर्स जी० एस० इन्टरप्राइजेज, शालीमार पार्क, शाहदरा, दिल्ली से घरेलू गैस के उपभोक्ता कार्डों का अन्य एजेंसियों को स्थानान्तरण

487. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक:** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि मैसर्स जी० एस० इन्टरप्राइजेज, शालीमार पार्क, शाहदरा, दिल्ली-110032 नामक घरेलू गैस वितरक गौतमपुरी, ब्रह्मपुरी, वैलकम सीलमपुर, नया सीलमपुर तथा जाफराबाद के उपभोक्ताओं को गैस की सप्लाई कर रहा है हालांकि इन बस्तियों के ग्राहकों को इस वितरक से स्वयं गैस प्राप्त करने के लिए काफी दूर से आना पड़ता है जबकि इन बस्तियों के समीप मैसर्स अमर गैस सर्विस, विशाल गैस सर्विस तथा मैसर्स शहीद सुभाष गैस सर्विस नामक तीन गैस एजेंसियां इन बस्तियों के समीप पहले से ही मौजूद हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार उक्त बस्तियों के उपभोक्ताओं के घरेलू गैस रिफिल रजिस्ट्रेशन कार्ड मैसर्स जी० एस० इन्टरप्राइजेज से ऊपर बतायी गयी गैस एजेंसियों में से किसी ऐसी एजेंसी को स्थानान्तरित करने का विचार रखती जो उपभोक्ताओं के सब से निकट हो; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त): (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) और (घ) दिल्ली में यमुना पारीण क्षेत्रों में एल पी जी वितरकों के परस्पर व्याप्त व्यापारिक क्षेत्रों के कारण, इंडियन आयल कारपोरेशन उपभोक्ताओं को अपने निकटस्थ वितरक से रिफिल प्राप्त करने की सुविधा देने हेतु अपने एल पी जी वितरकों के व्यापार क्षेत्रों का पुनः निर्धारण कर रहा है।

Distribution of Cooking Gas Cylinders in Kerala

488. SHRI THOMAS KUTHIRAVATTOM: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) what is the number of cooking gas cylinders brought out of Cochin Oil Refinery;

(b) how many cylinders are distributed in Kerala;

(c) what is the number of cooking gas agencies in Kerala and the number of applications pending for new connections; and'

(d) whether there is any ban prevailing in Kerala for issuing new cooking gas connections?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI BRAHM DUTT): (a) and (b) Around 5,400 LPG cylindrs are filled per day at Cochin Refinery, which are marketed in the State of Kerala,

(c) As on the 1st January, 1989, there were 138 LPG distributorships and ap proximately 82,300 persons on the wait ing list for LPG connections in Kerala.

(d) No, Sir. Release of new LPG I connections is done by the oil industry all over the country, including in Kerala, in a phased manner under its annual programme for enrolment of customers, sub-

ject to augmentation in availability of LPG.

(ias Based Power Plant in Kerala

489. SHRI THOMAS KUTHIRAVATTOM: SHRI P.K. KUNJACHEN:

Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether Government are considering a proposal to set up gas based power plants to generate electricity;

(b) whether a request for starting such a power plant in Cochin has been received from Kerala Government; and

(c) whether Government will consider this request and what are the details thereof

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF POWER IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI KALPNATH RAI): (a) to *(c)* Gas-based power plants are being set up by organisations like the National Thermal Power Corporation and some State Electricity Board .

A Feasibility Report in regard to setting up a 90 MW Combined Cycle Power Plant, based on LSHS/fuel oil/natural gas, at Brahmapurarn. Cochin was received by the Central Electricity Authority from the Kerala State Electricity Board in April, 1988. The proposal could be processed for techno-economic approval after the fuel availability is confirmed, the requisite inputs have been tied up and the necessary clearances have been obtained by the State Electricity Board.

सही उपभोक्ताओं को घरेलू गैस के दूसरे सिलेण्डर का जारी किया जाना

490. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र में इंडियन आयल कारपोरेशन के क्षेत्रीय अधिकारी/निरीक्षक/बिक्री अधिकारी से यदि उपभोक्ता अपने मूल गैस कनेक्शन के आधार पर दूसरा सिलेन्डर प्रदान करने के लिए अनुरोध करता है तो उन्हें इन अधिकारियों द्वारा अनुमति नहीं दी जाती, जबकि उपरोक्त कारपोरेशन के इसी दर्जे के अधिकारियों द्वारा इस बारे में तुरन्त अनुमति दे दी जाती है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है;

(ग) क्या सरकार क्षेत्रीय प्रबन्धकों/निरीक्षकों/बिक्री अधिकारियों को इस प्रकार की हिदायतें देने का का विचार रखती है कि वे दूसरे सिलेन्डर की अनुमति दे दिया करें; और

(घ) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बहुम दत्त): (क) से (घ) इंडियन आयल कारपोरेशन की नीति के अनुसार कुछ पदधारी अधिकारियों को डी बी सी जारी करने के लिए प्राधिकृत किया गया है। इनमें क्षेत्र अधिकारी शामिल नहीं है। वितरकों को इस बात के अनुदेश हैं कि देश में जब उपभोक्ता चाहे उसे डी बी सी जारी कर दिया जाये। फिर भी, जब कभी एल पी जी की सप्लाइ में बैकलॉग या उत्पाद की समस्याएं आदि होती हैं तो स्थिति के सामान्य होने तक डी बी सी जारी करना अस्थायी रूप में रोक दिया जाता है।

Telephone Exchange in Marangattupilly, Kerala

491. SHRI THOMAS KUT-HIRAVATTOM: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) the number of telephone connections which have been provided in Marangattupilly telephone exchange Tn Kottayam district of Kerala and what is the total number of applicants on waiting list at present;

(b) whether Government propose to expand this telephone exchange, if so, what are the details thereof; and

(c) whether the Department owns land and building in this area?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI GIRIDHAR GOMANGO): (a) Marangattupilly is served by a 90 Lines MAX III Exchange. The number of work-